# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

**समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ –226007**

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
निपुण भारत

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक
यू० पी ० डेस्को
लखनऊ।

पत्रांक–गुण0 / प्रे0तक0फे0 / 0693 / 2023–24 दिनांक 10 अक्टूबर, 2023

**विषयः– विद्या समीक्षा केन्द्र में स्थापित कॉल सेण्टर के माध्यम से टेबलेट की आपूर्ति एवं वितरण हेतु Manual Calls कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप अवगत हैं कि समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2022–23 में प्राप्त अनुमोदन के कम में चयनित परिषदीय **प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिये यू0पी0 डेस्को द्वारा जेम के माध्यम से निविदादाताओं का चयन कर जनपदों में टेबलेट्स की आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है।** तत्कम में टेबलेट की आपूर्ति के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण एवं एम0आई0एस0) तथा खण्ड शिक्षा अधिकारियों को **संलग्न** प्रश्नावली के अनुसार विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से Manual Calls करायी जानी हैं।

अतः अनुरोध है कि विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से Manual Calls कराये जाने के लिये संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक–उक्तवत्।**

भवदीय,

(विजय किरन आनन्द)
राज्य परियोजना निदेशक

## प्रश्नावली

**नमस्कार!**

यह काल आपको बेसिक शिक्षा विभाग से की जा रही है,

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक (प्रशिक्षण एवं एम0आई0एस0) हेतु**

1. अवगत कराना है कि आपके जनपद में टेबलेट की आपूर्ति यू0पी0 डेस्को के माध्यम से चयनित आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आरम्भ कर दी गयी रही है अतः समस्त टेबलेट्स का समुचित रख–रखाव एवं संरक्षण पूर्णतया सुरक्षित स्टोर कक्ष में किया जाये तथा आपूर्ति हेतु चिन्हित स्टोर कक्ष में रखे जाने वाले उपकरणों की सुरक्षा के मानकों यथा–जीव जन्तुओं से बचाव, पानी व सीलन से बचाव, सी0सी0टी0वी0, सुरक्षा गार्ड आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।
2. टेबलेट की आपूर्ति एवं वितरण के संबंध में राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा आपको विस्तृत निर्देश प्रेषित किये गये हैं, जिसमें पोस्ट डिलीवरी इंस्पेक्शन के संबंध में प्रेषित दिशा निर्देशों के अनुसार जनपद स्तर पर टेबलेट्स की आपूर्ति के 24 घण्टे के अन्दर पोस्ट डिलीवरी इंस्पेक्शन की प्रक्रिया पूर्ण कर अगले 48 घण्टे के अन्दर विकासखण्ड स्तर पर टेबलेट्स की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।
3. टेबलेट्स के भण्डारण, रख–रखाव, सुरक्षा, परिवहन तथा लॉजिस्टिक्स संबंधी व्यय डी0पी0ओ0 मैनेजमेण्ट कंटिजेन्सी मद से वित्तीय नियमों के आलोक में वास्तविक व्यय के अनुसार किया जायेगा।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी हेतु**

1. खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखण्ड स्तर पर आपूर्तित समस्त टेबलेट्स का समुचित रख–रखाव एवं संरक्षण पूर्णतया सुरक्षित स्टोर कक्ष में किया जायेगा। स्टोर कक्ष में रखे जाने वाले उपकरणों की सुरक्षा के मानकों यथा–जीव जन्तुओं से बचाव, पानी व सीलन से बचाव, सी0सी0टी0वी0, सुरक्षा गार्ड आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।
2. विकासखण्ड स्तर पर टेबलेट की आपूर्ति के उपरान्त 48 घण्टे के अन्दर प्रधानाध्यापकों एवं सहायक अध्यापकों को टेबलेट उपलब्ध कराया जायेगा तथा तत्संबंधी प्राप्ति रसीद खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संरक्षित की जायेगी। प्रधानाध्यापकों एवं सहायक अध्यापकों के उपयोगार्थ टेबलेट संबंधी चेकलिस्ट उक्त संदर्भित पत्र के साथ संलग्न है।
3. पत्र के साथ संलग्न की जा रही चेकलिस्ट प्रति टेबलेट आपूर्ति के उपरान्त 03 प्रतियों में प्राप्त की जायेगी, जिसमें से 01 प्रति बी0एस0ए0 कार्यालय, 01 प्रति बी0ई0ओ0 कार्यालय तथा 01 प्रति प्राप्त कर्ता प्रधानाध्यापक/अध्यापक के पास संरक्षित रहेगी।

धन्यवाद!